


दाएं हाथ के इस ओपनिंग बल्लेबाज ने अपने करियर में कुल 198 इंटरनैशनल मैच (76 टेस्ट और 122 वनडे) मैच खेले। भले ही उनका सबसे धीमा टेस्ट शतक याद किया जाता हो लेकिन उनके नाम कुल 10 टेस्ट शतक थे। इस ऑलराउंडर खिलाड़ी ने 177 इंटरनैशनल विकेट भी अपने नाम किए।

## टेस्ट क्रिकेट में जमाया था सबसे धीमा शतक, आज भी रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी मुदस्सर नजर आज अपना 64वां बर्थडे मना रहे हैं। क्रिकेट इतिहास में मुदस्सर ने एक ऐसा शतक जमाया, जो आज भी एक रेकॉर्ड है।

क्रिकेट में हमेशा सबसे तेज उपलब्धियों की बात हम अकसर करते हैं, जैसे सबसे तेज शतक, सबसे तेज फिफ्टी, सबसे तेज विकेट लेकिन मुदस्सर को सबसे धीमे शतक के लिए याद किया जाता है। उन्होंने 1977 में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे धीमी शतकीय पारी का रेकॉर्ड अपने नाम किया। नजर ने यह धीमी पारी अपने घरेलू मैदान गद्दाफी स्टेडियम (लाहौर) में ही अपने नाम की थी। इस मैच में बतौर ओपनर उतरे मुदस्सर नजर ने 591 मिनट का समय क्रीज पर बिताया। उन्होंने 557 मिनट बल्लेबाजी करने के बाद अपना शतक पूरा किया। 114 रन की इस पारी के लिए उन्होंने 449 बॉल का सामना किया था। सबसे धीमे शतक के मामले में यह आज भी वर्ल्ड रेकॉर्ड है। लेकिन यह टेस्ट बेनतीजा रहा था।

# आईपीएल नहीं टी20 वर्ल्डकप है पैट कमिन्स की प्राथमिकता

**क्रिकेट**

कमिन्स आईपीएल में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ियों में शामिल

वर्ल्ड कप के मायने अलग, मेरी यही चाहत इस साल जरूर हो इसका आयोजनः कमिंस

पैट कमिंस को आईपीएल में इस साल केकेआर ने 15.5 करोड़ रुपये में खरीदा

कमिंस बोले– मेरी प्राथमिकता आईपीएल से ज्यादा टी20 वर्ल्ड कप पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। कोविड–19 महामारी के कारण दुनिया भर के अन्य खेलों की तरह क्रिकेट टूर्नमेंटों पर भी अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बजाए टी20 वर्ल्ड कप के आयोजन को अपनी प्राथमिकता में रखा है। कमिन्स की दिली इच्छा है कि इस साल के आखिर में उनका देश इस टूर्नमेंट की मेजबानी करे।

कमिन्स आईपीएल में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ियों में शामिल हैं। पिछली नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 15.50 करोड़ रुपये की मोटी कीमत देकर खरीदा था।



कमिन्स ने ऑस्ट्रेलियन असोसिएटेड प्रेस से कहा, पिछले दो तीन वर्षों में हमने टी20 विश्व कप को लेकर बात की है।

विश्व कप (वनडे) 2015 मेरे करियर में विशेष महत्व रखता है, जबकि मैं फाइनल में भी नहीं खेला था। मैं चाहता हूं कि इस टूर्नमेंट का आयोजन हो। उन्होंने कहा, यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस साल का संभवतः सबसे बड़ा टूर्नमेंट है। मैं चाहता हूं कि सब कुछ सही हो जाए और इस टूर्नमेंट का आयोजन हो। अगर मैं सच में लालची होता तो मुझे आईपीएल का आयोजन भी अच्छा लगेगा। आईपीएल के आयोजन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई। उसे अभी 15 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया था लेकिन कोरोना वायरस के विश्व स्तर पर लगातार बढ़ने के कारण इस धनाढ्य लीग के फिलहाल आयोजन की संभावना नहीं है।

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने सुझाव दिया था कि आईपीएल से क्रिकेट सत्र की शुरुआत होनी चाहिए। टी20 विश्व कप का आयोजन अक्टूबर नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होना है।

# विजेंदर को साल के आखिर में फिर से रिंग में लौटने की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह को कोविड–19 के कारण अपनी सारी योजनाएं रद्द करनी पड़ीं लेकिन उन्हें साल के अंतिम छह महीनों में रिंग में उतरने और अपना पेशेवर करियर फिर शुरू करने की उम्मीद है।

विजेंदर अभी सर्किट में अजेय है और उन्होंने अपने सभी 12 मुकाबले जीते हैं। उनका अमेरिका के बाब आरुम के टॉप रैंक प्रमोशन्स के साथ अनुबंध है। अमेरिका भी अभी इस घातक महामारी की चपेट में है जिससे वहां लगभग 10,000 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलिंपिक पदक विजेता 34 वर्षीय



विजेंदर ने कहा, 'मुझे मई में मुकाबले में उतरना था लेकिन वर्तमान स्थिति देखते हुए उसे रद्द कर दिया गया है। मुझे हालांकि उम्मीद हैं कि चीजों में सुधार होगा और साल के आखिर में मुझे मुकाबले में उतरने का मौका मिलेगा। मुझे लगता है कि ऐसा होगा।'

उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर मुझे नुकसान हुआ है लेकिन कुछ नहीं किया जा सकता है। ऐसे में शांतचित रहने और चीजों के सामान्य होने का इंतजार करना ही उचित है।' विजेंदर ने कहा कि वह सुरक्षित रहकर दिल्ली में अपने आवास पर लगातार अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे घर में सब कुछ है और मुझे बाहर जाने की जरूरत नहीं है। मैं खुद ही अभ्यास करता हूं जो कि असामान्य नहीं है क्योंकि मुझे तभी ट्रेनर का साथ तभी मिलता है जब मैं इंग्लैंड में होता हूं।'

विजेंदर के ट्रेनर मैनचेस्टर के ली बीयर्ड है जिन्हें मुकाबले से कुछ दिन पहले उनसे जुड़ना था। इस मुक्केबाज ने कहा, 'मुकाबला जब भी शुरू होगा मैं उसके लिये खुद को तैयार रखना चाहता हूं। मैं घर पर तैयारियां कर रहा हूं क्योंकि आप किसी भी तरह से बाहर नहीं निकल सकते हैं।'

## चेन्नै सुपर किंग्स पर है मुंबई का पलड़ा भारीः संजय मांजरेकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर को लगता है कि मुंबई इंडियंस की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग के हालिया संस्करणों में लंबा सफर तय किया है। उनका मानना है कि अगर टूर्नमेंट के इतिहास को देखें तो चेन्नै सुपर किंग्स के मुकाबले मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी नजर आता है। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल का खिताब चार बार– 2013, 2015, 2017, 2019 में जीता है। इन चार में से तीन बार उसने फाइनल में चेन्नै सुपर किंग्स को और एक बार राइजिंग पुणे सुपरजायंट (2017) को हराया है। मांजरेकर ने आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, आईपीएल 12 साल से चल रहा है और हम अगर हम जीत का औसत देखें, चेन्नै सुपर किंग्स काफी ऊपर नजर आती है लेकिन मुंबई इंडियंस के खेल में भी इजाफा नजर आता है। वह टाइटल भी जीत रहे हैं। उन्होंने कहा, मुंबई ने चार बार आईपीएल जीता है और चेन्नै ने तीन बार लेकिन चेन्नै ने दो सीजन कम खेले हैं। जब आप इसे देखते हैं तो मुंबई ने लंबा सफर तय किया है और वह बीते कुछ वर्षों से चेन्नै के लिए चुनौती पेश कर रही है, वह चेन्नै के मुकाबले बेहतर टीम रही है।

## न्यूज डायरी



### लॉकडाउन में यूसुफ पठान ने बताया क्या है सबसे अनमोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के चलते पूरे देश में 21 दिन का लॉकडाउन जारी है और ऐसे में इन दिनों सभी को अपना वक्त घर में ही बिताना पड़ा रहा है। भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान भी इन दिनों घर पर हैं और तमाम सिलेब्रिटीज की तरह वे भी इन दिनों इंस्टाग्राम पर अपने फैन्स के साथ अपनी तस्वीरें शेयर कर रहे हैं।

हाल ही में यूसुफ ने अपने बेटे के साथ एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह आराम से सो रहे हैं और उनका बेटा प्यार से उनका माथा दबा रहा है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में राजी फिल्म का गाना बज रहा है। इस वीडियो को यूसुफ ने कैप्शन दिया है, पिता का बेटे के प्रति प्यार से बड़ा कोई भी प्यार नहीं है। इसके साथ उन्होंने कोरोना से सुरक्षा बनाए रखने के लिए घर में रहने की बात भी याद दिलाई है। यूसुफ ने यहां स्टे होम स्टे सेफ हैश टैग का यूज किया है।

### लॉकडाउन में भी ऑनलाइन कोचिंग ले रही हैं मैरी कॉम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक्स भले ही एक साल के लिए टल गया है लेकिन लॉकडाउन में भी कोच खिलाड़ियों को रोजाना तैयारी करवा रहे हैं। बॉक्सर एमसी मैरी कॉम के कोच छोटेलाल यादव ने बताया कि अभी वह भले ही मैरी कॉम के पास नहीं हैं, लेकिन रोजाना वीडियो कॉल के जरिए उन्हें टिप्स दे रहे हैं। केवल मैरी कॉम ही नहीं, बाकी बॉक्सर भी इसी तरह तैयारी कर रहे हैं। छोटेलाल ने बताया, \u201cइन दिनों हम लोग ऑनलाइन तैयारी करवा रहे हैं। घर में किस तरह ट्रेनिंग कर सकते है, फिजिकल फिटनेस किस तरह बरकरार रख सकते हैं, जो खिलाड़ी ओलिंपिक्स में क्वॉलिफाइ कर चुके हैं, उन्हें हम लगातार यह सब चीजें बता रहे हैं। उन्हें वीडियो कॉल करके भी समझाते हैं और वो जिस तरह तैयारी कर रहे हैं, उसकी रिकॉर्डिंग भी मंगवा रहे हैं। हम घर बैठकर ही मॉनिटर कर रहे हैं। कोच ने बताया कि हम एक हफ्ते का शेड्यूल एक ही बार में भेज देते हैं। बकौल छोटेलाला, मैरी को हर हफ्ते का शेड्यूल भेजता हूं। उनसे भी कहा है कि ट्रेनिंग का वीडियो भेजना है और वह हमेशा भेजती भी हैं।

### पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग को दिया भोजन, युवराज ने शेयर किया भावुक विडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। युवराज सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वायरल विडियो शेयर किया है। इस विडियो में पुलिसकर्मी \u201cअपना खान एक जरूरतमंद के साथ शेयर कर रहे हैं। टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर ने इसके साथ कैप्शन दिया, \u201cपुलिसकर्मियों की ओर से मानवता का यह कदम दिल जीतने वाला है।\u201d तीन मिनट 30 सेकंड लंबे विडियो में पुलिसकर्मियों का ग्रुप एक आदमी को अपने हिस्से का खाना खिला रहे हैं। भारत में 21 दिनों का लॉकडाउन 14 अप्रैल तक जारी रहेगा। कई क्रिकेटर इस दौरान कोविड–19 महामारी से जंग में लड़ने के लिए मदद कर रहे हैं। युवराज सिंह उन 40 खिलाड़ियों में शामिल थे जिनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बात की थी।

### कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में अल्पसंख्यकों की मदद को आगे आए अफरीदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के मशहूर खिलाड़ी शाहिद अफरीदी और जहांगीर खान ने कोविड–19 महामारी संकट के बीच अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों को राशन और नकद बांटना शुरू किया है। एक हिंदू टेनिस खिलाड़ी ने अल्पसंख्यकों को होने वाली परेशानी की ओर उनका ध्यान दिलाया था, जिसके बाद उन्होंने मदद का सिलसिला शुरू किया। एक बयान में अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी रोबिन दास ने शाहिद अफरीदी फाउंडेशन (एसएएफ) से शहर में अल्पसंख्यक तबके की मदद की अपील की थी। कराची स्पोर्ट्स फोरम के सचिव आसिफ अजीम ने कहा, \u201cजहांगीर खान इस फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं, उन्होंने मुझे फोन किया और दास के बयान के बारे में बात की और कहा कि इस मुश्किल दौर में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की मदद की जानी चाहिए, चाहे वो ईसाई हों या फिर हिंदू।